उत्पादों के बारे में त्वरित मार्गदर्शिका

विकल्प

पुनःउपयोग की जा सकने वाली वस्तुएँ

क्या आपके व्यापार में पुनःउपयोग के विकल्पों को बढ़ावा दिया जाता है और इन्हें बेचा जाता है? आजकल ज़्यादातर उत्पाद पुनःउपयोग की जा सकने वाली सामग्री, जैसे काँच, सिलिकॉन, बाँस, टाइटेनियम, स्टेनलेस स्टील, सिरेमिक और मजबूत पुनः उपयोग किए जा सकने वाले प्लास्टिक से बनाए जाते हैं। व्यापारों के लिए अब धोए व पुनःउपयोग किए जा सकने वाले एवं किफायती विकल्प मौजूद हैं।

कचरे से मुक्ति पाएँ

और अधिक जानकारी के लिए

replacethewaste.sa.gov.au देखें

निपटान की जा सकने वाली वस्तुएँ

यदि आपको निपटान किए जा सकने वाले विकल्प उपलब्ध कराना ज़रूरी है, तो एकबारगी उपयोग के प्लास्टिक उत्पादों के बजाय इनके विकल्पों का ऑर्डर करें। अपने आपूर्तिकर्ता से पूछें कि उनके स्टॉक में कौन से वैकल्पिक उत्पाद उपलब्ध हैं या वैकल्पिक उत्पादों के आपूर्तिकर्ताओं की सूची के लिए Green Industries SA से संपर्क करें।

बिना प्लास्टिक के कम्पोस्ट किए जा सकने वाले उत्पादों का इस्तेमाल करें।

कम्पोस्ट किए जा सकने वाले उत्पादों को हरे कूड़ेदान में डालना चाहिए ताकि व्यावसायिक कारखानों में इन्हें कारगर रूप से कम्पोस्ट करके खाद बनाई जा सके।

विकल्पों में प्रमाणित कागज, बाँस या उप-उत्पाद, जैसे गन्ने से बनी स्ट्रॉ शामिल हैं (ध्यान रखें कि कुछ आपूर्तिकर्ता PLA को गन्ना बताते हैं)। कटलरी और स्टिरर काष्ठ या बाँस से बनाए जा सकते हैं।

गेहूँ की स्ट्रॉ

कागज की स्ट्रॉ

निपटान की जा सकने वाली काष्ठ की कटलरी

निपटान की जा सकने वाली काष्ठ की चॉपस्टिक

कचरा न करने की कोशिश करें और लागत घटाएँ

गैर-प्लास्टिक विकल्पों को अपनाने से लागत कम होती है, क्योंकि उपयोग के दौरान कम उत्पादों की आवश्यकता पड़ती है। ग्राहकों को दी जाने वाली गैर-ज़रूरी वस्तुओं का उपयोग घटाकर आप पैसे बचा सकते/सकती हैं और संसाधनों की बर्बादी रोक सकते/सकती हैं।

कटलरी

- टेकएवे कटलरी को ग्राहकों की पहुँच से दूर रखें।
- केवल मांगने पर ही कटलरी दें।

स्ट्रॉ

- स्ट्रॉ को ग्राहकों की पहुँच से दूर, जैसे काउंटर के पीछे या नीचे रखें।
- स्टाफ को इस बात के लिए प्रशिक्षित करें कि वे स्ट्रॉ को केवल मांगे जाने पर या इसकी आवश्यकता वाले पेयों के लिए दें।

स्टिरर

- ग्राहकों के बैठकर भोजन करते समय धोए और पुनःउपयोग किए जा सकने वाले ड्रिंक स्टिरर का उपयोग करें।
- टेकएवे के लिए इनकी अनिवार्यता के बारे में सोचें। यदि ये अनिवार्य हों, तो केवल मांगे जाने पर ही दें।

Government of South Australia

100% पुनर्चक्रित कागज पर मुद्रित, कृपया इस्तेमाल के बाद पुनर्चक्रण करें।